प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

....

प्रदेश में रेजीडेन्ट डॉक्टरों और निजी चिकित्सकों की 24 घंटे की हड़ताल के बाद आज चिकित्सा सेवायें फिर से सामान्य होने लगी है। हालांकि आज भी कुछ अस्पतालों में चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। कुछ जगहों पर केंडल मार्च और श्रद्धाजंलि सभाएं भी रखी गई है। दूसरी ओर आज अधिकांश अस्पतालों में ओपीडी आईपीडी और इमरजेंसी सहित सभी आवश्यक सेवायें सुचारू हो गई है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजधानी के दूसरे अस्पतालों में भी दौरा किया और चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। इस बीच कोलकाता में महिला चिकित्सक दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई की जांच जारी है। वहीं कोलकाता पुलिस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के आस–पास किसी प्रकार की गैर–कानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए धारा 163 लगा दी है। पुलिस ने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के दो नेताओं को 14 अगस्त की रात को मेडिकल कॉलेज में हुई हिंसक घटनाओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है ताकि स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाया जा सके।

....

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज जयपुर में 'देह–दान करने वाले परिवारों' का सम्मान किया। दधीची देहदान समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 254 देहदानी परिवारों और 23 त्वचा का दान करने वाले परिवारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के अलावा केन्द्रीय सड़क और परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति आज से प्रदेश की दो दिन की यात्रा पर है। वे राजभवन भी जाएंगे और राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े से मुलाकात करेंगे।

....

भारतीय जनता पार्टी 1 सितम्बर से देशभर में सदस्यता अभियान चलायेगी। भाजपा पदाधिकारियों की नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य 10 करोड से अधिक पार्टी सदस्यों को जोडना है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में चुनाव की घोषणा हुई है वहां विधानसभा चुनावों के बाद सदस्यता अभियान शुरू होगा। श्री पात्रा ने कहा कि मिस्ड कॉल, क्यूआर कोड, नमो एप और भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से नए सदस्य जोडे जायेंगे। श्री पात्रा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पार्टी का आधार बढाना और इसकी विचारधारा का प्रसार करना है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की। इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस बीच सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने आज जयपुर में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

....

भाई बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षा बंधन का पर्व कल मनाया जायेगा। इससे पहले आज बाजारों में राखीयां और मिठाई खरीदने को लेकर भीड देखी जा रही है। राजधानी जयपुर में छुट्टी के दिन आज बाजारों में खासी रौनक बनी हुई है। रक्षा बंधन पर राजस्थान रोडवेज की ओर से महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सौगात दी गई है। आज आधी रात से प्रदेश की सीमा में वोल्वो और एसी बसों को छोडकर सभी रोडवेज बसों में महिलाओं का सफर मुफ्त रहेगा। इधर सरहद पर तैनात जवानों को राखी बांधने जयपुर से रवाना हुए महिलाओं के दल ने उत्तरकाशी में आईटीबीपी जवानों को रक्षा सूत्र बांधे और शुभकामनाएं दी।

....

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमने के बाद अब हालात सुधरने लगे है। आज अधिकांश स्थानों पर धूप खिली हुई है और मौसम खुशनुमा बना हुआ है। पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर कल रात हल्की बारिश दर्ज की गई। इधर जैसलमेर के चांधन में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे शुरू किया गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुनीराम बगड़िया ने बताया कि सम क्षेत्र के अतिवृष्टि प्रभावित इलाकों से पानी खाली करने का काम जारी है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित क्षेत्र ले जाने का काम किया जा रहा है। बीकानेर शहर में बारिश से जर्जर मकानों को गिराने के लिए जिला प्रशासन ने मकान मालिकों को नोटिस दिया है। नगर निगम ने शहर में ऐसे 90 मकान चिन्हित किए है।

....